प्रादेशिक समाचार
दिनांक–06.09.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–आने वाली पीढ़ियां जल संरक्षण के प्रति दृष्टिकोण के आधार पर करेंगी हमारा मूल्यांकन।
2. झारखंड उच्च न्यायालय ने पुलिस महानिदेशक को रैली और धरना प्रदर्शन वाले दिन आम के साथ खास लोगों की सुरक्षा को लेकर एसओपी जारी करने का दिया निर्देश।
3. राज्यपाल और रक्षा राज्यमंत्री ने रांची में आयोजित तीन दिवसीय सशक्त सेना–समृद्ध भारत प्रदर्शनी का किया उदघाटन, कहा–भारतीय सेना का शौर्य, पराक्रम और अनुशासन अद्वितीय।
4. गुमला, पलामू और रांची में अलग–अलग मामलों में आठ अपराधी गिरफ्तार, हथियार बरामद।
5. राजधानी रांची सहित राज्यभर की सुहागिन महिलाओं ने हरितालिका तीज पर अपने पति की लम्बी उम्र को लेकर की पूजा अर्चना।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आने वाली पीढ़ियां जल संरक्षण के प्रति दृष्टिकोण के आधार पर हमारा मूल्यांकन करेंगी। प्रधानमंत्री आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से गुजरात के सूरत में जल संरक्षण पहल जल संचय जन भागीदारी के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। श्री मोदी ने आने वाली पीढ़ियों के लिए टिकाऊ भविष्य सुनिश्चित करने के लिए सभी जल संरक्षण प्रयासों में लोगों की भागीदारी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियां जब मूल्यांकन करेंगी तो पानी के प्रति हमारा दृष्टिकोण उनका पहला मापदंड होगा।

****

झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य के पुलिस महानिदेशक को रैली और धरना प्रदर्शन वाले दिन आम के साथ खास लोगों की सुरक्षा को लेकर एसओपी जारी करने का निर्देश दिया है। उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने रांची में 23 अगस्त को भाजयुमो की आक्रोश रैली के दिन उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश के जाम में फंस जाने के मामले पर आज सुनवाई करते हुए एसओपी की जानकारी शपथ पत्र के माध्यम से उपलब्ध कराने को कहा है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने भारतीय सेना के पूर्वी कमान की ओर से राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित तीन दिवसीय सशक्त सेना–समृद्ध भारत प्रदर्शनी का उदघाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय सेना का शौर्य, पराक्रम और अनुशासन अद्वितीय है। राज्यपाल ने राष्ट्र के प्रति निस्वार्थ सेवा और समर्पण के लिए सैन्य बलों की प्रशंसा की।

इस मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रक्षा के क्षेत्र में देश आत्मनिर्भर बन रहा है। उन्होंने कहा कि सशक्त सेना– समृद्धि भारत प्रदर्शनी युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना को और अधिक जागृत करेगा।

इस अवसर पर पूर्वी कमान के लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी समेत सेना के कई वरीय अधिकारी मौजूद थे।

****

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में आज जमशेदपुर में कोल्हान प्रमंडल के पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक के बाद श्री मरांडी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पन्द्रह सितम्बर को टाटानगर रेलवे स्टेशन से कई नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके अलावा श्री मोदी जमशेदपुर में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

****

केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। केन्द्रीय मंत्री ने आज गिरिडीह के सरिया महाविद्यालय में चार कमरों का शिलान्यास कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि झारखंड में हर विभाग में लूट मची है।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार छात्रों के शैक्षणिक और शारीरिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर विधायक विनोद कुमार सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

****

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने आज जमशेदपुर में मानगो फ्लाई ओवर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर श्री गुप्ता ने कहा कि रांची की तर्ज पर यह फ्लाई ओवर का निर्माण कराया जाएगा और लोगों को जाम से मुक्ति दिलाया जाएगा।

****

पुलिस ने गुमला, पलामू और रांची में अलग–अलग मामलों में आठ अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गुमला पुलिस ने सड़क निर्माण कार्य करा रही एक कंपनी से रंगदारी मांगने वाले तीन अपराधियों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

उधर पलामू पुलिस ने दो स्कूली बच्चों के अपहरण मामले में छह में से चार अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। जिले की पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दोनों बच्चों को मुक्त करा लिया गया है और घटना में इस्तेमाल दो मोटरसाईकिल और पांच मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

राजधानी रांची के ओरमांझी थाना क्षेत्र से अपराधिक गिरोह अमन साव गिरोह के एक सदस्य टिंकू साव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी लम्बे समय से फरार चल रहा था।

****

गिरिडीह के उपायुक्त नमन प्रियेस लकड़ा ने विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने का आदेश दिया है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता——

****

राजधानी रांची सहित राज्यभर की सुहागिन महिलाओं ने हरितालिका तीज पर अपने पति की लम्बी उम्र की कामना को लेकर आज भगवान शिव और पार्वती की पूजा अर्चना की। तीज पर महिलाओं ने 24 घंटे का निर्जला उपवास रखकर पूरे विधि विधान से पूजा पाठ की और पति की लम्बी उम्र की कामना की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरन ने हरितालिका तीज पर राज्यवासियों को बधाई दी है।

****

मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर विभाग द्वारा येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने

बताया है कि बंगाल की खाड़ी में निम्न दवाब से बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर राज्य में देखने को मिलेगा।

********समाप्त********